## शरदकालीन अवकाश गृहकार्य (2025-26)

### कक्षा 9

### विषय - हिंदी

**निर्देश : निम्नलिखित गृहकार्य को व्याकरण पुस्तिका में हल कीजिए। समयावधि को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं स्मरण पूर्ण मनोयोग से कीजिए।**

**लिखित कार्य में वर्तनी की शुद्धता पर ध्यान दीजिए।**

- ■ संपूर्ण वार्षिक पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति कीजिए ।
- ■ कार्य पत्रिका एवं अभ्यास पत्र हल कीजिए ।
- ■ व्याकरण पुस्तक के अपठित काव्यांश हल कीजिए ( प्रश्न संख्या 11-15)

### कार्यपत्रिका

**1.निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग, प्रत्यय एवं मूल शब्द छांटकर लिखिए –**

अतिरिक्त, अत्याचार, अत्यंत । अधिकृत, , अधिगम, अधिकार । अनुभव, अनुराग, अनुशासन, अनुरूप । अपमान, अपसर्ग, अपराध, अपव्यय, अपयश । अवतरण, अवरोध, अवगुण, अवमूल्यन, अवनति । , अभिलाषा, अभिधान, अभियोग। आमरण, आजीवन, आजन्म, आगमन । उत्साह, उत्पन्न, उत्थान, उन्नति, उद्गम । उपकार, उपनाम, उपहार, उपचार, उपसर्ग । दुर्लभ, दुर्योग, दुर्बल, दुर्दिन, दुर्भाग्य, दुर्गुण । निहित, निवृत्त, नियम, निकुंज, निडर, निहत्था । निराधार, निर्जन, निर्भय, निर्दयी, निराशा। निष्फल, निष्कपट, निष्काम, निष्पाप । प्रकार, प्रचार, प्रहार, प्रधान, प्रसन्न। प्रतिकूल, प्रतिदिन, , प्रतिरोध, प्रतिकार कृपालु, दयालु, श्रद्धालु लिखित, हर्षित, रचित, कथित, पुष्पित, पल्लवित, व्यथित नैतिक, पारिवारिक, धार्मिक, सामाजिक गरिमा, महिमा, नीलिमा, कालिमा जटिल, कुटिल, पंकिल, धूमिल मानवीय, भारतीय, शासकीय ,लघुत्तम, महत्तम, उच्चतम, निम्नतम, कठोरतम

**2.निम्नलिखित अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

- निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए

(क) आपने भोजन कर लिया है। (प्रश्नवाचक)

(ख) हम कल कश्मीर जाएंगे। (संदेहवाचक)

(ग) मन लगाकर काम करना चाहिए।(आज्ञावाचक)

(घ) वह चल सकता है। (इच्छावाचक)

(ङ) विहान कलकत्ता जाएगा।(निषेधवाचक)

(च) आज कड़ाके की ठंड है।(विस्मयादिवाचक)

(छ) कितना सुंदर बगीचा है।(विस्मयवाचक)

(ज) पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। (प्रश्नवाचक)

(झ) आज वर्षा होगी।(निषेधवाचक)

**3. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए**

सुमुखी , उद्योगपति ,कमलनयन ,गजानन , दिगंबर ,धर्मात्मा ,लव-कुश , त्रिभुवन, सेनापति, राजकुमार ,यथाक्रम , धर्मभ्रष्ट ,अमर, प्रत्येक ,नवग्रह, विषधर ,क्रोधाग्नि ,गुणहीन ,शरणागत चौराहा

**4. निम्नलिखित पंक्तियों में निहित अलंकार लिखिए-**

1. सत्य सनेह सील सुख सागर।

2. मधुर मृदु मंजुल मुख मुसकान।

**3.तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।**

**4. काली घटा का घमंड घटा।**

**5. कहै कवि बेनी बेनी ब्याल की चुराइ लीन्ही।**

**6. मुदित महिपति मंदिर आए सेवक सचिव सुमंत बुलाए**

**7. लहर-लहर कर यदि चूमे तो, किंचित विचलित मत होना।**

**8.ऊधौ जोग जोग हम नाहीं।**

**9. मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरि सोय। जा तन की झाँई परै, स्याम हरित दुति होम ।।**

**10. नर की अरु नल-नीर की, गति एकै कर जोय।   जेतो नीचौ हवै चले, तेतौ ऊँचौ होय ।।**

**5.निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-**

**(क) एक सैनिक की आत्मकथा**

**[संकेत बिन्दु-सैनिक की दिनचर्या, संघर्ष, चुनौतियाँ।]**

**(ग) विज्ञापन और मानव जीवन**

**[संकेत बिन्दु-विज्ञापन के साधन, विज्ञापन का अर्थ, विज्ञापन का महत्त्व व प्रभाव।]**

**6.अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम के उद्यान अधिकारी को एक पत्र लिखिए।**

**7.उत्तराखण्ड आपदा में स्वयं भोगी कठिनाइयों का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।**

**8. वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगर पालिका के अधिकारी को ई-मेल लिखे।**

**9. 'गुणवान पुत्र'  शीर्षक पर  लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।**

**10.दो दुकानदारों वालों के बीच हुई बातचीत को लगभग 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए ।**

**11.अपनी क्षेत्र  को स्वच्छ रखने हेतु कल्याण समिति के सचिव होने के नाते इससे सम्बन्धित सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए।**